**X/17/Hin**

**2 0 1 7**

# HINDI

( INDIAN LANGUAGE )

**( CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 24

**( CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours
( For Both Categories of Candidates )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Question Nos. **1** to **10** are to be answered by both Regular and Private Candidates.

(iv) Question Nos. **11** to **14** are to be answered only by Private Candidates without Internal.

## खण्ड—क

### ( गद्य-भाग )

**1.** 'आजादी सभी चाहते हैं, लेकिन...' नामक निबंध का कथासार सहज-सरल भाषा में प्रस्तुत कीजिए। 8

**अथवा**

'भारत की जनता का प्रथम सेवक' गद्य भाग का सारांश अपनी भाषा में लिखिए।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) ''हर खिलाड़ी के पीछे किसी प्रशिक्षक की भी तपस्या होती है।''

**अथवा**

(ख) ''संसार में महान व्यक्तियों का जन्म अन्य लोगों के लिए सुख तथा अच्छा मार्ग दिखाने के लिए होता है। उनके कार्य अनन्य और अलौकिक होते हैं।''

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) पं० नेहरू ने अपने भाषण के अंत में देश सेवा के लिए किनका आह्वान किया था?

(ख) आगे की सुध लेने के लिए इस 'बीती' की सुध लेते रहने की भी आवश्यकता है। किस 'बीती' की और क्यों?

(ग) हैदराबाद के निजाम की स्वतंत्र रहने की योजना को किसने और कैसे विफल कर दिया?

(घ) 'बीमार का इलाज' नामक एकांकी क्यों मनोरंजक और व्यंग्यपूर्ण है?

## खण्ड—ख

### ( पद्य-भाग )

**4.** 'चाहता हूँ' नामक कविता का सारांश अपनी सहज-सरल भाषा में लिखिए। 8

**अथवा**

'जय-जय विजय' नामक कविता के अंतर्गत उपशीर्षक 'बलिदान' का सारांश लिखिए।

**5.** निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) दे हृदय में स्थान
मैं करूँगा तब तुम्हारे राष्ट्र का निर्माण।
मैं रहूँ जिस व्यक्ति के अंतःकरण में
वह फिर समझता है भेद जीवन औ' मरण में
मृत्यु बन चेरी जिताती है उसे हर एक रण में।

(ख) आवत ही हर्षै नहीं, नयनन नहीं सनेह।
तुलसी तहाँ न जाइये, कंचन बरसै मेंह॥

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) सुवचन और कुवचन में क्या अंतर है?

(ख) सम्पत्ति किस प्रकार युद्ध जीतने में सहायक होती है?

(ग) कैसे व्यक्ति को जीवन में सफलता मिलती है?

(घ) विष्णुजी से नारद ने क्या पूछा और उन्होंने क्या उत्तर दिया?

## खण्ड—ग

## ( संचयन )

**7.** 'राही मासूम रज़ा' की जीवनी और उनके द्वारा लिखी गई कृतियों के बारे में लिखिए। 7

**अथवा**

'हरिहर काका' नामक कहानी का कथासार अपनी भाषा में लिखिए।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **आठ** के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) गुड्डु किस भाषा में बातें करता था?

(ख) जिमनेज़ियम में कौन बैठकर बीड़ी पी रहा था?

(ग) टोपी के पेट में कितनी सुइयाँ लगानी पड़ीं?

(घ) हेडमास्टर पीटी सर पर क्यों गुस्सा हो गए थे?

(ङ) 'ओमा' की शक्ल-सूरत कैसी थी?

(च) भाइयों के प्रति काका का दिल क्यों पसीज गया?

(छ) ठाकुरबारी में काका को भोजन में क्या-क्या दिया गया था?

(ज) होली और दिवाली के दिन ठाकुरबारी में क्या होता है?

(झ) गाँव में किसके नाम की तूती बोलती थी?

(ञ) हिसाब-किताब लिखने की पंजाबी प्राचीन लिपि को क्या कहते हैं?

## खण्ड—घ

### ( व्याकरण एवं रचना )

**9.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों का अर्थ लिखिए : 1×4=4

*(i)* अपने पैरों आप कुल्हाड़ी मारना

*(ii)* आँख चुराना

*(iii)* आग बबूला होना

*(iv)* ईंट का जवाब पत्थर से देना

*(v)* काम आना

*(vi)* कलेजे का टुकड़ा

(ख) क्रिया किसे कहते हैं? इसके कौन-कौन से भेद हैं? 2+2=4

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **चार** समरूपी भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखिए : 1×4=4

*(i)* कूल—कुल

*(ii)* अवधि—अवधी

*(iii)* ओर—और

*(iv)* गृह—ग्रह

*(v)* अनल—अनिल

*(vi)* किला—कीला

(घ) पद किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? 2+1=3

(ङ) निम्नलिखित का अलंकार निर्णय कीजिए : 2

कर हाथी की शोभा है, कर राजा करे विकास।
कर से सूर्य पुष्प विकसाता, वही सुखी जिसके कर पास॥

**10.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) पेड़-पौधे—हरा सोना

(ख) विद्यार्थी और राजनीति

(ग) दूरदर्शन का समाज पर प्रभाव

(घ) यदि मैं राष्ट्रपति होता

**[ For Candidates without Internal Assessment ]**

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से केवल **दस** के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) कौन कवि मोह-माया का बंधन तोड़ना चाहता है?

(ख) भारत को आजादी कब मिली थी?

(ग) किस सन् में विवेकानंद ने पेंसाडोना में भाषण दिया था?

(घ) हाथी से होड़ लेने वाले खेल को क्या कहते हैं?

(ङ) बोझ कब कम होता है?

(च) कांति की बहन की उम्र कितनी थी?

(छ) किसे त्यागना चाहिए?

(ज) विवेकानंद के अनुसार हिन्दू किस भाव की पूजा करते हैं?

(झ) कश्मीर में जनता का नेता कौन था?

(ञ) किस सन् में जवाहरलाल नेहरू ने पहला भाषण दिल्ली से दिया था?

(ट) कौन लोग भगवान का नाम दिन-रात लेते रहते हैं?

(ठ) किसे राष्ट्र-चारण कहा गया है?

**12.** निम्नलिखित में से केवल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) 'चल खुसरो घर आपने' का लेखक कौन है?

(ख) किस सन् में 'पंच दरिया' प्रकाशित हुआ था?

(ग) कौन लेखक कवि-कथाकार थे?

(घ) टोपी नवीं कक्षा में कितनी बार अनुत्तीर्ण हुआ था?

(ङ) 'सपनों के से दिन' का लेखक कौन है?

(च) इफ़्फ़न के पिता का नाम क्या था?

(छ) टोपी का पूरा नाम लिखिए।

**13.** निम्नलिखित शब्दों में से **तीन** शब्दों का बहुवचन बनाइए : 1×3=3

(क) मामा

(ख) स्वामी

(ग) गौ

(घ) रात

(ङ) वह

(च) जाता है

**14.** निम्नलिखित शब्दों में से केवल **दो** शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए : 1×2=2

(क) लाघवता

(ख) पुज्यनीय

(ग) षष्टम

(घ) चातुर्यता

★★★